>

**Title:**Need to check the anti national activities of Pakistan on the Indo-Nepal Border.

श्री आदित्यनाथ (गोरखपुर) : सभापति महोदय, भारत-नेपाल की सीमा पर पाकिस्तानी गुप्तचर एजेंसी आई.एस.आई. की जो भारत विरोधी गतिविधियां जारी हैं, उनकी ओर मैं सदन का तथा सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं।

श्री रामनारायण मीणा (कोटा): कल ही प्रधान मंत्री जी ने कहा था कि हमारे पाकिस्तान से संबंध सुधर रहे हैं

... (व्यवधान)

सभापति महोदयः कृपया इनको बोलने दें।

श्री आदित्यनाथ : भारत-नेपाल सीमा पर उत्तर प्रदेश और बिहार के स्थानीय प्रशासन की भागीदारी से और कुछ राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं की मिलीभगत से भारत विरोधी गतिविधियां बड़ी तेजी से जारी हैं। मैं गृह मंत्री जी से अनुरोध करूंगा कि जो भारत-नेपाल सीमा पर पाकिस्तान द्वारा राष्ट्र विरोधी गतिविधियां जारी हैं, उन पर अंकुश लगाने का काम किया जाए।